राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, शुक्रवार 30 अगस्त 2024 भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 142 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### स्कूटी से गिरकर महिला की मौत

**तेतुलमारी।** धनबाद-कतरास एक लेन सड़क पर गुरुवार की सुबह शक्ति चौक के समीप स्कूटी से गिरकर एक महिला की मौत हो गई. स्कूटी धनबाद की ओर से आ रही थी. घटना के संबंध में बताया जाता है कि तोपचांची के रामाकुंडा निवासी भूषण रजक धनबाद से अपने किसी रिश्तेदार से मुलाकात कर स्कूटी से अपने घर रामाकुंडा लौट रहे थे. स्कूटी के पीछे उनकी पत्नी बैठी हुई थी. शक्ति चौक के समीप स्कूटी के पहुंचते ही अचानक उनकी पत्नी नीचे गिर गई. आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उसे बगल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

### दुर्घटनाग्रस्त को रागिनी ने पहुंचाया अस्पताल

**धनबाद।** झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रवानी बस्ती निवासी 55 वर्षीय दिव्यांग विजय रवानी बस्ताकोला में दुर्घटना के शिकार हो गए और अचेत अवस्था में सड़क पर पड़े थे. धनबाद से झरिया आने के क्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने यह देख अपना वाहन रुकवाया और घायल विजय रवानी के पास पहुंची. फिर अपने वाहन से विजय को झरिया स्थित नरेश प्रसाद अस्पताल भेजा. जहां उसका उपचार शुरू कराया. डॉक्टर से वार्ता कर उसका तत्काल प्रभाव से इलाज करने की बात कही. डॉक्टर ने विजय की हालत स्थिर बताई है.

### कृषि गणना के सर्वेक्षण के लिए कार्यशाला

**धनबाद।** 11 वीं कृषि गणना के द्वितीय एवं तृतीय चरण के सर्वेक्षण कार्य के लिए गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें सभी अंचल के अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सभी अंचलों के कंप्यूटर ऑपरेटर ने भाग लिया.कार्यक्रम में प्रतिभागियों को नई कृषि गणना वेब पोर्टल एवं पावर प्वाइंट के माध्यम से ऑनलाइन विस्तृत प्रशिक्षण प्रमोद कुमार-एएसओ, राजीव कुमार- एएसओ, रुपेश कुमार मिश्रा आईटी मैनेजर एवं प्रमोद कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर, जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा दिया गया.

### प्रखंड मुखिया संघ देगा एक दिवसीय धरना

**तोपचांची:** वृहस्पतिवार को तोपचांची प्रखंड मुखिया संघ का बैठक चितरपुर पंचायत में आयोजित हुआ. बैठक में झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के द्वारा चल रहे अनिश्चितकालीन धरना पर चर्चा की गई. प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने कहा कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के द्वारा लंबित मांगों को पूरा करने के लिए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया है.
अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के समर्थन में शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड परिसर में प्रखंड मुखिया संघ द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा.

**अभियान :** धनबाद पुलिस ने जांच अभियान चलाया, एसएसपी ने अभिभावकों से की अपील

# प्लीज, बच्चों को न दें बाइक-स्कूटी, वर्ना करनी पड़ेगी कार्रवाई

**खास बातें**

- 16 नाबालिग छात्र दो पहिया वाहन चलाते पकड़ाये
- स्कूल के खिलाफ बोर्ड से की जाएगी शिकायत

संवाददाता। धनबाद



धनबाद में यातायात प्रबंधन व सड़क हादसों के रोकथाम के लिए धनबाद पुलिस ने उपाधीक्षक यातायात अरविंद सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने जांच अभियान चलाया. अभियान में दो पहिया वाहन चलाने वाले स्कूली बच्चों की पहचान सुनिश्चित कर रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई के तहत गुरुवार को जिले भर में विशेष जांच अभियान चला. एसएसपी ने खुद अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन को नाबालिगों के हाथों में बाइक-स्कूटी नहीं सौंपने की हिदायत दी, भविष्य में ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की बात कही. डिनोबली स्कूल सीएमआरआई के पास जांच अभियान के तहत कुल 16 नाबालिग छात्रों को दो पहिया वाहन के साथ रोका गया. पूछताछ के बाद वाहन को जब्त करते हुए छात्रों के अभिभावकों को सूचित कर स्कूल बुलाया गया. मौके पर मौजूद एसएसपी द्वारा सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए इस लापरवाही को लेकर कड़ी हिदायत दी गई. जिले में होने वाले सड़क हादसों के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए एसएसपी ने अगली बार दोषी पाए जाने पर सभी अभिभावकों के विरुद्ध कठोर कानूनी कर्रवाई करने की बात कही. एसएसपी ने कहा कि पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान व पुलिस की पाठशाला के जरिए लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है, बावजूद इसके लापरवाही करने वालों के खिलाफ वाहन जब्त करते हुए चालान व रजिस्ट्रेशन रद्द करने के साथ अदालत में प्रतिवेदन सुपुर्द करने का निर्देश दिया गया. मोटर यान अधीनियम के तहत यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर जुर्माने के साथ कारावास का भी प्रावधान है.
एसएसपी ने धनबाद के नागरिकों से अपील करते हुए यातायात नियमों के पालन की अपील की, उन्होने अभिभावकों से स्कूली बच्चों को वाहन न देने की हिदायत देते हुए अन्य सुरक्षित विकल्प के साथ साइकल मुहैया कराने का सुझाव दिया गया.

### स्कूल प्रबंधकों को भी एसएसपी ने दी चेतावनी

एसएसपी ने सभी स्कूल प्रबंधकों को भी निर्देश देते हुए वाहन चलाने वाले बच्चों की पहचान कर स्कूल की तरफ से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा. इस तरह की लापरवाही को रोकने की सामूहिक जिम्मेवारी अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन की भी है. भविष्य में अगर स्कूल की तरफ से लापरवाही साबित हुई तो स्कूल प्रबंधन के खिलाफ उचित कार्रवाई के लिए संबंधित बोर्ड को पत्र प्रेषित किया जाएगा.

### आवारा जानवर से दो वाहनों में टक्कर

**निरसा बाजार।** राष्ट्रीय मुख्य राजमार्ग पर आवारा पशुओं का घूमना आए दिन बढ़ता जा रहा है. जिसका शिकार सड़क पर चलने वाले वाहन अक्सर होते हैं. गुरुवार को निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालगंज मोड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पशु आ जाने से दो गाड़ियां आपस में अनियंत्रित होकर टकरा गई. एक वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं धनबाद से निरसा की तरफ जा रही गैस लदा टैंकर टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जा फंसी. घटना में चालक तथा खलासी को गंभीर चोट आई. जिन्हें मौके पर पहुंचे निरसा पुलिस की गश्ती दल ने तत्काल उचित इलाज के लिए धनबाद भेज दिया.

# लोग तभी स्वस्थ रहेंगे, जब स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ रहेगा : हेमंत सोरेन

## 365 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र

**खास बातें**

- पहली बार ट्रांसजेंडर सीएचओ को नियुक्ति पत्र
- ऑलराउंडर की भूमिका में हैं स्वास्थ्य पदाधिकारी

प्रमुख संवाददाता। रांची



लोग तभी स्वस्थ रहेंगे, जब स्वास्थ्य विभाग स्वस्थ रहेगा. सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी ऑलराउंडर की भूमिका में हैं. सीएम हेमंत ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में ये बातें कहीं. इस दौरान उन्होंने 365 अनुबंध आधारित सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति पत्र सौंपा. कार्यक्रम में सीएम ने पांच सीएचओ को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसमें पहली बार ट्रांसजेंडर अमीर महतो के अलावा रीता महतो, डॉ. पियुल कुजूर, मजमा परवीन और डॉ संदीप कुमार को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा गया.

### स्वास्थ्य केंद्रों के रखरखाव को पांच करोड़ का बजट

हेमंत सोरेन ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों के रखरखाव के लिए सालाना पांच करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है. वहीं स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए दो लाख, पीएचसी के लिए पांच लाख, सीएचसी के लिए 10 लाख, सब जिविजनल हॉस्पीटल के लिए 50 लाख और जिला अस्पताल के लिए सालाना 75 लाख रुपये का प्रावधान रखरखाव के लिए किया गया है.

### 11,356 ऑक्सीजन युक्त बेड: बन्ना

कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में 15 से ज्यदा आरटीपीसीआर लैब हैं. जीनोम सिक्वेंशिंग मशीन भी है. 21,680 बेड सुरक्षित हैं और 11,356 ऑक्सीजन युक्त बेड हैं. विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि सीएचओ 100 तरह की दवाओं को प्रेसक्राइब कर सकते हैं. स्वस्थ झारखंड की परिकल्पना को मूर्त रूप देने में सीएचओ की अहम भूमिका होगी.

### हजारों नियुक्तियां प्रक्रियाधीन

सीएम ने कहा कि राज्य में हजारों नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं. उन्होंने कहा कि कुछ साथियों को लगता है कि हमलोग हाथ पर हाथ धरे बैठें हैं, लेकिन हम बताना चाहते हैं कि सरकार ने पशु चिकित्सक, चिकित्सा पदाधिकारी, लैब अस्सिटेंट, जूनियर इंजीनियर, सहायक इंजीनियर, पंचायत सचिव, लिपिक, लेखापाल, दंत चिकित्सक, नर्स, आयुष चिकित्सक, फॉरेंसिक साइंटिस्ट आदि पदों पर कई नियुक्तियां की हैं.

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

# सुरक्षा में लापरवाही को लेकर एजेंसी को हिदायत

- मीडिया को टीआरडी मशीन के कामों को दिखाने के लिए बुलाया गया था : सीनियर डीईएन कॉर्डिनेशन

संवाददाता। धनबाद




धनबाद रेल मंडल प्रशासन ने तेतुलमारी और निचितपुर स्टेशन पर ट्रैक बिछाने के कार्य के दौरान बिना हेलमेट व चप्पल पहनकर काम करने के मामले को लेकर रेल प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है. इस मामले में कार्य का ठीका लेने वाले ठेकेदार को सुरक्षा मानकों के अनुरूप काम करने की सख्त हिदायत दी है.
वहीं इस मामले में धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीईएन कॉर्डिनेशन प्रदीप कुमार ने कहा की बुधवार को मीडिया को टीआरडी मशीन के कार्य को देखने के लिए निचितपुर बुलाया गया था. जहां मौके पर दिखाया गया कि कैसे ट्रैक पर रखे पटरी को हटाने का काम होता है. यहां रूटीन कार्य नहीं चल रहा था. वहीं धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीएन कॉर्डिनेशन प्रदीप कुमार ने कहा कि निचितपुर से लेकर मंडल के कई स्टेशनों में रेलवे का टीआरडी मशीन काम कर रही है. अगर कोई एजेंसी सुरक्षा में लापरवाही बरत रही है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी. कहा है की निचितपुर और तेतुलमारी स्टेशन के बीच टीआरडी मशीन के नीचे कार्य में सुरक्षा का अनदेखी की सूचना मिली है, संबधित एजेंसी को चेतावनी दी गई है.

### शुभम संदेश ने उठाया था मसला

बताते चलें कि इस मामले को शुभम संदेश ने उठाया था .निचितपुर व तेतुलमारी स्टेशन के बीच पटरी में बिना सुरक्षा उपकरणों का काम चल रहा था. बात इसलिए भी गंभीर है कि आधा दर्जन रेल कर्मियों की मौत ऐसी ही लारवाही के कारण हो हो गई थी. इस मामले पर डीआरएम को ट्वीट किया गया था. डीआरएम ने मामले को लेकर सीनियर डीएन कोर्डिनेशन को जांच के लिए कहा था.

# खुदिया नदी में राजगीर का युवक डूबा, तलाश जारी

संवाददाता। मैथन

**खास बातें**

- निरसा पुलिस खोजने का कर रही प्रयास
- सचिन और उसके साथी जा रहे थे बरकट्ठा

निरसा क्षेत्र के नयाडांगा काली मंदिर के समीप गुरुवार की सुबह खुदिया नदी के सातघटिया घाट पर स्नान करने के दौरान बिहार के राजगीर के रहने वाले 25 वर्षीय सचिन यादव डूब गया. साथ में स्नान कर रहे उसके दो साथियों ने उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगाई परंतु नदी का तेज धारा व बहाव में वे दोनों भी डूबने लगे. दोनों ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई. सचिन का कोई अता-पता नहीं चल रहा है. घटना की सूचना पाकर निरसा पुलिस मौके पर पहुंची तथा डूबे युवक को खोजने का प्रयास कर रही है. इस संबंध में सचिन के साथ स्नान कर रहे उसके गांव के रिश्ते के चाचा अरविंद यादव एवं संतोष कुमार ने बताया हम लोग कोलकाता से बिस्किट लोड कर बरकट्ठा जा रहे थे. रात्रि में हम लोग निरसा के गुरुदास नगर में रुके थे. गुरुवार की सुबह नदी में स्नान कर हम लोग ट्रक लेकर बरकट्ठा के लिए निकलते. तभी नदी में स्नान करने के दौरान अचानक सचिन पानी के तेज बहाव में बहने लगा. हम लोग उसे बचाने के लिए नदी में कूद. परंतु नदी का तेज धारा एवं भंवर में हम लोग भी डूबने लगे.

### निरसा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स द्वारा मंडी टैक्स का विरोध

**निरसा ।** निरसा चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले गुरुवार को सभी व्यापारियों ने सरकार द्वारा प्रस्तावित कानून कृषि उपज एवं पशुधन विधेयक ( मंडी शुल्क )का विरोध जताया. कहा कि इस शुल्क के लगने से झारखंड के व्यापारियों का व्यापार न केवल प्रभावित होता अपितु व्यापारियों का दोहन शुरू हो जाएगा. अतः हम सभी व्यापारी इसका पुरजोर विरोध करते हैं. प्रेस वार्ता की अध्यक्षता शिवकुमार अग्रवाल ने की जबकि इसमें मुख्य रूप से सचिव राहुल तायल कोषाध्यक्ष, दिलीप मिश्रा एवं मुरली किशोर साहू, सुखेंदु दत्ता,मुरली मोहन अग्रवाल, रंजीत साहू मधुसूदन गोराई तेज प्रकाश खेड़िया प्रमोद खेड़िया इमरान आलम सुरेश गोयल सिंटू पाल आदि उपस्थित थे.

**किसान क्रेडिट कार्ड**

# खराब प्रदर्शन को लेकर बैंकों को फटकार

संवाददाता। धनबाद



**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लंबित आवेदनों को निपटाने का आदेश**

धनबाद । उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में डीएलसीसी की बैठक आयोजित की गई. किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत असंतोषजनक प्रदर्शन पर डीडीसी ने सभी बैंकों को कड़ी फटकार लगाई एवं 15 दिनों के अंदर सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया. इस दौरान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने पाया कि वैसे 12 बैंक जिनका लक्ष्य सिंगल डिजीट में है, उनकी आवेदन स्वीकृति शून्य है. इस पर खेद प्रकट करते हुए उन्होंने सभी बैंक को सुधार करते हुए अगले 10 दिन में लंबित आवेदनों को स्वीकृत प्रदान करने का निर्देश दिया. बैठक में डीडीसी में फॉर्म क्रेडिट, क्रॉप लोन, एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर, एनुअल क्रेडिट प्लान, एग्रीकल्चर लोन, एजुकेशन लोन, हाउसिंग लोन, सीडी रेशियो, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमईजीपी, मुद्रा लोन, पीएम स्वनिधि सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की. वहीं एलडीएम ने बताया की जून तिमाही तक जिले का ऋण जमा अनुपात 36.75% था. इस पर डीडीसी ने इसे असंतोषजनक बताया एवं सितम्बर तिमाही तक सभी बैंको का ऋण जमा अनुपात कम से कम 40% करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं सरकार की कल्याणकारी योजना है. बैंक इसमें अपना सहयोग प्रदान करें. साथ ही कहा कि 30 अगस्त से जिले में आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत होगी. जिस पंचायत में शिविर लगेंगे, वहां बैंक अपना स्टॉल भी अवश्य लगाएंगे. बैठक के समापन पर उप विकास आयुक्त ने डिस्ट्रिक्ट क्रेडिट प्लान 2024 - 25 की वार्षिक पुस्तक का विमोचन किया. बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, सहायक महाप्रबंधक रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, रांची के राजन पांडा, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, डीडीएम नाबार्ड रवि लोहानी एवं अन्य उपस्थित थें .

**गुड न्यूज** धनबाद में इनोवेशन ऑन माइनिंग उत्कृष्टता केंद्र की होगी स्थापना

# सीआईएल, आईआईटी और टेक्समिन के बीच एमओयू

संवाददाता। धनबाद



**खास बातें**

- माइनिंग में बड़े बदलाव का होगा दौर शुरू
- खनन 4 .0 के लिए रणनीतिक गठबंधन

कोल इंडिया लिमिटेड, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और टेक्समिन ने खनन 4.0 के लिए आईएमआईएन - इनोवेशन ऑन माइनिंग उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए रणनीतिक गठबंधन किया है. इस गठबंधन से खनन क्षेत्र में नवाचारी प्रौद्योगिकियों और अनुसंधान बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के विशिष्ट क्षेत्रों में होगा. आईएमआईएन उत्कृष्टता केंद्र खनन उत्पादकता, सुरक्षा और स्थिरता में सुधार करने के लिए उन्नत डिजिटल समाधानों को एकीकृत करने और साइबर फिजिकल सिस्टम (सीपीएस) आधारित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से खनन में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा. कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यालय), धनबाद आईआईटी (आईएसएम) और प्रौद्योगिकी नवाचार अन्वेषण और खनन फाउंडेशन (टेक्समिन) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके एक ऐतिहासिक सहयोग किया है, जिसका उद्देश्य भारतीय खनन क्षेत्र को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर क्रांतिकारी बनाना है. इसके परिणामस्वरूप, सीआईएल, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और टेक्समिन को टेक्समिन, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में आईएमआईएन - इनोवेशन ऑन माइनिंगर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने में सक्षम करेगा. यह अत्याधुनिक केंद्र शुरुआती पारिस्थितिकी तंत्र, क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा. आईएमआईएन उत्कृष्टता केंद्र न केवल डिजिटल समाधानों का विकास करेगा. साइबर फिजिकल सिस्टम (सीपीएस) आधारित प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करके, आईएमआईएन खनन विधियों को आधुनिक बनाने पर केंद्रित होगा, जिससे उत्पादकता में वृद्धि, सुरक्षा मानकों में सुधार और खनन संचालन की समग्र स्थिरता में वृद्धि होगी. इस कार्यक्रम में निदेशक सुकुमार मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर धीरज कुमार, टेक्समिन के सीइओ सूरज कुमार, टेक्समिन के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट आफिसर पीएम प्रसाद मौजूद थे.

### कोल इंडिया में चीफ मैनेजर रैंक के कई अधिकारी बने जीएम

**धनबाद ।** कोल इंडिया ने गुरुवार को चीफ मैनेजर रैंक के सैकड़ों अधिकारियों का जीएम में किया प्रमोशन. जिसमें कोल इंडिया में जीएम माइनिंग में कुल 143 अधिकारियों का प्रमोशन हुआ. जिसमें बीसीसीएल में वासुदेव नंदन पंडित, मिथलेश कुमार,निखिल बी त्रिवेदी, हफीजुल कुरेशी,अरविंद कुमार सिन्हा,राकेश बेहरा रॉय, तूनेश्वर पासवान,जितेंद्र प्रसाद ,प्रशांत साजन शामिल हैं.इसके अलावा कोल इंडिया में ई एंड एम विभाग में जहां 53 अधिकारियों को जीएम बनाया गया ,वहीं सिविल विभाग में बीसीसीएल को पांच नया जीएम मिले. इसके साथ कार्मिक विभाग में बीसीसीएल में पोस्टेड तीन अधिकारी कुमार मनोज,सरोज कुमार पांडे और सुनील कुमार को जीएम में प्रमोशन के साथ उन्हें बीसीसीएल में ही रखा गया.

# समाज के विकास को संस्कार युक्त शिक्षा जरूरी : अपर्णा

संवाददाता। मैथन



साहू धर्मशाला, निरसा में आयोजित एकल विद्यालय के आचार्यों का अभ्यास वर्ग का गुरुवार को समापन हो गया. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता उपस्थित हुईं. उन्होंने कहा कि समाज के सही उत्थान के लिए संस्कार युक्त शिक्षा जरूरी है. आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में विलुप्त हो रहे संस्कारों को बचाने का खर्च एकल विद्यालय की ओर से पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से किया जा रहा है. निरसा विधानसभा के दूर दराज 90 गांव में पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से गांव का सर्वांगीण विकास के लिए एकल विद्यालय प्रयासरत है. पांच आयाम में प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से गांव के 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा खेल, गीत, कहानी के माध्यम से दिया जाता है. दूसरा आरोग्य शिक्षा के माध्यम से गांव की महिलाओं को संगठित कर गांव को रोग मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है. एकल अभियान द्वारा तीसरा काम गांव के किसानों का विकास करने के लिए जैविक खेती पर विशेष जोर दिया जाता है. किसानों को जैविक खाद तैयार करने की प्रक्रिया बताई जाती है. गौ मूत्र से कीट नियंत्रक तैयार कर रासायनिक खाद एवं दवा से खर्च को कम किया जा रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### खरखरी कोलियरी में मजदूरों का प्रदर्शन

**मधुबन।** खरखरी कोलियरी की भूमिगत खदान पर गुरुवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मजदूरों ने बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा खदान में कार्यरत 109 मजदूरों को पुनः स्थानांतरण के विरुद्ध में जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया. इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई. सभा को सम्बोधित करते हुए बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम ने कहा प्रबंधन सारे नियम कानून को ताक में रख कर आज पुनः109 मजदूरों का स्थानांतरण करने का तुगलकी फरमान जारी कर यूनियन को खुला चुनौती दे रहा है जबकि इस सम्बन्ध में मजदूरों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर वार्ता की मांग कर चुके हैं.

### भारतीय जीवन बीमा निगम में अभिकर्ताओं का सम्मान

**धनबाद।** आईइएएचडी के बैनर तले भारतीय जीवन बीमा निगम के धनबाद शाखा दो के अभिकर्ताओं का सम्मान किया गया. दिनांक 13 3.2024 को आईइएएचडीए के आह्वान पर माय एलआईसी माय प्राइड का प्रस्ताव रखा गया था. इस प्रस्ताव को धनबाद शाखा दो के अभिकर्ता साथियों द्वारा सार्थक बनाया गया. उनके प्रयास के लिए उन्हें शाखा प्रबंधक नरेश कुमार, नीरज कुमार, सुरेश कुमार एवं अन्य साथियों के हाथों सभी को गुलदस्ता एवं संगठन का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम विशेष रूप से अमित कुमार, अमरनाथ चौधरी, अजय शंकर तिवारी, मनीषा कुमारी, अभिषेक कुमार एवं अन्य उपस्थित थे.

### मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल प्रतियोगिता

**महुदा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गुरुवार को रवि महतो स्मारक बीएड कॉलेज महुदा में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर खेल प्रतियोगिता सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कॉलेज की शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत छात्र-छात्राओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की. खेल में रस्सा-कस्सी एवं सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता हुआ. सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया.
मौके पर प्राचार्य आरके यादव ने कहा कि मेजर ध्यानचंद भारत के महान हॉकी खिलाड़ी थे. उन्होंने तीन ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर टीम को स्वर्ण पदक दिलाई थी.

### भाजपा केंदुआ मंडल की बैठक

**केंदुआ।** विधान सभा चुनाव के मद्दे नजर भारतीय जनता पार्टी केन्दुआ मंडल की बैठक केंदुआ बाजार व धनबाद प्रखण्ड की पाण्डरकनाली में हुई. केंदूआ में अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोविन्दा राऊत व संचालन महामंत्री रंजय सिंह ने किया. कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक राज सिन्हा ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य विधानसभा चुनाव जीतना व राज्य में सरकार बनाना है.पार्टी पर जनता का पूर्ण व अटूट भरोसा है. चुनाव जीतकर पार्टी जनता के भरोसा पर खरा उतरेगी. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के अभिन्न अंग है. उन्होंने आह्वान किया कि कार्यकर्ता लक्ष्य निर्धारित कर चुनाव की तैयारी में जुट जाएं.

---

निरसा में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई, कर्मियों के आवास जर्जर, प्रशासन व जनप्रतिनिधि बेखबर

# कागजों पर सिमटा निरसा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**खास बातें**

- केंद्र परिसर में नहीं रहते हैं कोई चिकित्सक व कर्मी

**राजकुमार महतो। निरसा**




निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति काफी खराब है. मरीजों का इलाज काफी मुश्किल हो रही है. कहने को तो इस केंद्र में प्रभारी समेत सात चिकित्सक पदस्थापित हैं, लेकिन यह सिर्फ कागजी खानापूर्ति मानी जा सकती है क्योंकि अस्पताल परिसर में कोई भी चिकित्सक व कर्मी के नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को समुचित स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है. चिकित्सा प्रभारी डॉ संजय पासवान कहते हैं कि अस्पताल परिसर में चिकित्सक और न ही कर्मियों को रहने के लिए कोई उचित व्यवस्था है. चिकित्सक व कर्मियों का रहने वाला आवास रख-रखाव के कारण काफी जर्जर हो चुकी है. ऐसी स्थिति में इन आवासों में रहना मौत को दावत देने के बराबर है. उन्होंने कहा कि फिलहाल केंद्र में सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध हैं. ग्रामीणों को इसका लाभ दिया जा रहा है. रजिस्टर के अनुसार केंद्र में जिसकी ड्यूटी जिस दिन है, उसी दिन चिकित्सक बैठते हैं. जबकि ग्रामीण एक सिरे इस बात को झुठलाते हुए कहते हैं कि केंद्र में समय पर चिकित्सक के नहीं रहने के कारण बैरंग लौट जाना हमलोगों की नियति बन गई है. स्वास्थ्य केंद्र में रात्रि सेवा भी उपलब्ध नहीं रहने से मरीजों में खासी नाराजगी है. ऐसी व्यवस्था शासन प्रशासन के दावों की पोल खोलने के लिए काफी है.

### लेट से आना हाजिरी बनाना...

...लेट से आना हाजिरी बनाना... यही दिनचर्या है केंद्र में पदस्थापित चिकित्सकों की. केंद्र के प्रभारी हैं डॉक्टर संजय पासवान. वे मिहिजाम से आना-जाना करते हैं. इसके अलावा डॉक्टर मृगनाल श्रीवास्तव धनबाद, डॉ श्वेता कुमारधुबी, डॉ विष्णु कुमार धनबाद, डॉक्टर फुल कुमारी धनबाद से आना-जाना करती हैं. ऐसे में सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि केंद्र में इन चिकित्सकों की उपस्थिति क्या होगी. बताते चलें कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं. इन केंद्रों का संचालन निश्चित आबादी के लोगों को उपचार और अन्य स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं प्रदान करना है. इस कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में लोगों के स्वास्थ्य, उनकी देखभाल की सेवाएं देने के लिए सामान्य चिकित्सकों यानी जेनरल प्रैक्टिशनर्स और नर्सों का एक समूह का रहना अनिवार्य होता है. जिसके माध्यम से अलग-अलग प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जानी हैं. ऐसे में केंद्र महज कागजी खानापूर्ति बनकर रह गयी है.

---

# हेमंत सरकार ने जनता को छलने का कार्य किया : हलधर

**संवाददाता। गोमो**



आजसू पार्टी का जनजागरण पदयात्रा कार्यक्रम के चौथे दिन शुक्रवार को रेल नगरी गोमो के गुनघुसा पंचायत अन्तर्गत बदाही गांव से जिला कार्यकारी अध्यक्ष हलधर महतो के नेतृत्व में पद यात्रा की शुरुआत की गई. बदाही खेराबेड़ा,चैता, मुखिया टोला आदिवासी टोला,पांडे टोला, मंडल टोला घटवार टोला ,रविदास टोला आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर आजाद नगर गुनघुसा में समापन किया गया. इस मौके पर हलधर महतो ने कहा कि झारखंड सरकार ने विधवा माता- बहनों को वित्तीय सहायता देने का वचन दिया था, महिलाओं को आधार कार्ड पर 50 लाख का लोन देने का वादा किया था जो पुरा नहीं किया. हेमन्त सोरेन की सरकार ने वादाकर ग्रामीणों को छलने का कार्य किया है. जिला संगठन मंत्री सदानंद महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है. तोपचांची थाना क्षेत्र में लगातार घरों में चोरी की घटनाए हो रही है. पुलिस प्रशासन निष्क्रिय है. पदयात्रा में प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद महतो, सचिव रामचंद्र ठाकुर, प्रेमचंद महतो, बिंदेश्वर प्रसाद महतो, सुरेश महतो, गिरिधारी प्रसाद महतो, रूपलाल महतो, विनोद बिहारी महतो ,लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी, मीना देवी,गीत देवी, शांति देवी, संगीता देवी, सुभद्रा देवी प्रमिला देवी ,जानती देवी, बीना देवी, मौसमी देवी, चमेली देवी, रीना देवी, गीतांजलि देवी,सरस्वती देवी पूजा देवी, गायत्री देवी आदि महिला पुरुष एवं पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे.

---

ऑन स्पॉट समस्याओं का समाधान, परिसंपत्तियों का होगा वितरण

# आज से आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की होगी शुरुआत

**संवाददाता। धनबाद**



आपकी योजना, आपकी-सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम धनबाद जिले में 30 अगस्त से शुरु होने जा रही है. कार्यक्रम का समापन 15 सितम्बर को होगा. कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी 256 पंचायतों, नगर निगम के सभी 55 वार्डों तथा चिरकुंडा नगर परिषद् के सभी 21 वार्डों में किया जाएगा. यह जानकारी उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में पत्रकारों को दी. कहा कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन समेत अन्य योजनाओं पर फोकस किया जाएगा. योजनाओं के लिए आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किए जाएंगे. जिन योजनाओं में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होंगे, उनमें लाभुकों की प्रतीक्षा सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर लाभ प्रदान किया जाएगा. इसके अलावा कार्यक्रम में बेनेफिशयरी ओरिएंटेड योजना के तहत सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे. कार्यक्रम में कल्याण मंच बनाया जाएगा, जहां ऑन स्पॉट लाभुकों की समस्याओं का समाधान करने समेत परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा. उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिए चेक वितरण, एसएचजी सदस्यों के बीच आइडेंटी कार्ड का वितरण, योग्य लाभुकों के बीच धोती-साड़ी-लूंगी एवं कंबल वितरण किया जाएगा. शिविरों में राज्य अभिलेख, आय, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार एवं राशन कार्ड में सुधार तथा बिजली बिल से संबंधित शिकायतों का भी ऑन स्पॉट निवारण किया जाएगा.

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के प्रथम दिन 30 अगस्त को धनबाद प्रखंड के अरलगड़िया, पूर्वी टुंडी के चुरूरिया, टुंडी के बरवाटांड़, कलियासोल के आंखद्वारा, निरसा के बैजना, तोपचांची के भुईयां चितरो, बाघमारा के बगदाहा, बलियापुर के अलकडीहा, एग्यारकुंड के आमकुड़ा तथा गोविंदपुर प्रखंड के अमरपुर पंचायत में शिविर लगेगा. साथ ही धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद् के कई वार्डों में भी शिविर लगेगा, जहां जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे. जिला ग्रामीण विकास अभिकरण में कंट्रोल रूम भी रहेगा. मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा समेत उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह समेत जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे.

---

# डायरिया से एक की मौत

टुंडी के कई गांवों में फैला डायरिया, दर्जनों आक्रांत

- स्वास्थ्य विभाग सक्रिय, वाहन से पीड़ितों को ला रहे अस्पताल

**संवाददाता। टुंडी**



टुंडी प्रखंड के पहाड़ तलहटी गांवों में डायरिया का भयंकर प्रकोप फैल गया है. डायरिया की चपेट में आने से एक जनजातीय महिला की मौत हो गई. डायरिया से धधकीटांड,नारंगडीह एवं बंगारो गांव में दो दर्जन ग्रामीण गंभीर रूप से पीड़ित हैं. सूचना पाकर स्वास्थ विभाग ने वाहन भेजकर 6 पीड़ित लोगों को टुंडी अस्पताल लाया. जहां 61वर्षीय रसोदी मुर्मू ने अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई.दक्षिणी टुंडी बेगनोरिया पंचायत के नारंगडीह गांव में डायरिया से रसोदी मुर्मू की मौत हो गई.मौत की पुष्टि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टुंडी के चिकित्सका प्रभारी डा श्रवण कुमार ने की है.अस्पताल में सरिता देवी, बगोली देवी ,भिभषण देवी दिलीप बेसरा,टीकाराम, इलाजरत है. गुरुवार को टुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डा विजय कुमार, आदि प्रभावित गांव पहुंचे व गांव के पेयजल स्रोतों में ब्लिचिंग पावडर का छिड़काव करते हुए लोगों को डायरिया से बचाव का सुझाव दिया.

**बंगारो गांव में डायरिया का कहर जारी :** एक दर्जन लोग आक्रांत हैं और स्वास्थ विभाग को सूचना नहीं दे स्थानीय झोला छाप चिकित्सकों के चक्कर के पड़कर इलाज करा रहे हैं. चिकित्सा प्रभारी ने सभी ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि सीधे सरकारी अस्पताल आकर इलाज कराए. पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के बंगारो गांव में डायरिया का कहर जारी है.डायरिया की चपेट में आकर एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से पीड़ित है और झोला छाप डाक्टर के चक्कर में पड़कर आर्थिक दोहन हो रहा है. बंगारो गांव में डायरिया की चपेट में आने से चेतलाल राणा, सोहागी देवी, बबलु राणा, बबली कुमारी, चुनु राणा, उर्मिला देवी, रानी देवी, चमेली देवी, प्रभु राणा आदि डायरिया से ग्रस्त हैं. इस संबंध में झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने सिविल सर्जन को डायरिया की जानकारी देते हुए प्रभावित गांवों में युद्धस्तर पर पीड़ित परिवारों को समुचित इलाज की व्यवस्था कराने की मांग की है.

---

# अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार को ले बेमियादी धरना स्थगित

- मुख्यमंत्री का पुतला जलाने की चेतावनी

**संवाददाता। बाघमारा**



बाघमारा अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले चल रहे रैयतों बेमियादी धरना एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है.वहीं ग्राम स्वराज अभियान के प्रमुख जगत महतो ने मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार को पत्र भेज कर झाराभूमि-वसुंधा की वेब साईट को चालू कर बाघमारा अंचल में धरना दे रहे भू-स्वामियों के जमीन संबंधी समस्या के निराकरण करने की मांग की है. साथ ही एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान नहीं होने पर मुख्यमंत्री का पुतला जलाने की चेतावनी भी दी है .उन्होंने पत्र में लिखा है बाघमारा अंचल के विभिन्न राजस्व गांव के लोग अपने जमीन संबंधी समस्या के निदान के लिए 09 अगस्त से बाघमारा अंचल में कार्य दिवस में धरना दे रहे हैं, अंचल अधिकारी के अनुसार धरना दे रहे सभी लोगों के आवेदन की जांच कर रिपोर्ट तैयार की गई है, परन्तु विभागीय वेब साईट बंद है, इस कारण ऑनलाइन का काम नहीं करा पाए हैं, साईट खुलने के बाद सभी का काम कर दिया जाएगा. पत्र में आगे लिखा गया कि एक सप्ताह में साईट खोल कर धरना दे रहे लोगो की समस्या का निदान करें अन्यथा मुख्य मंत्री का पुतला जलाकर पुनः लोग सस्त्याग्रह/धरना में बैठेंगे.

---

# भूटानी खदान के अस्तित्व को खतरा

एमपीएल व ईसीएल पर मुखिया ने लगाया खदान का अस्तित्व मिटाने का आरोप

**खास बातें**

- सीओ-बीडीओ का लिखा पत्र
- खदान के जल स्रोत को बचाने की गुहार
- आंदोलन का अल्टीमेटम

**संवाददाता। निरसा**



निरसा प्रखंड अंतर्गत धमाल पंचायत की मुखिया रिंकू कुमारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को प्रखंड परिसर में जाकर सीओ-बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में हरियाजाम स्थित भूटानी खदान के जल स्रोत को बचाने की गुहार लगाई गई है. कहा गया है कि विगत कई दिनों से एमपीएल तथा ईसीएल की मिलीभगत से वहां छाई गिरने का कार्य किया जा रहा है जो अपने आप में काफी दुर्भाग्यपूर्ण है. उक्त भूटानी तालाब आसपास की दर्जनों पंचायत में रह रहे लगभग 50 हजार लोगों का जल स्रोत का एक मुख्य स्रोत है. जिसको मिटाने की साजिश की जा रही है. विगत दिनों में यहां इस भूटानी खदान के पानी से दर्जनों गांव की पेयजल की समस्या हल की जा रही थी. वहीं अब धीरे-धीरे इसमें छाई भरकर इसको बंद करने की साजिश हो रही है. एक तरफ जहां सरकार नए-नए जल श्रोत बनाने को लेकर योजना बना रही है. पैसे खर्च कर रही है. पूर्व में बड़े-बड़े जल स्रोतों को इस तरह से मिटाने का भी काम चल रहा है. यदि अविलंब इस कार्य को नहीं रोका गया तो प्रखंड परिसर में धरना प्रदर्शन तथा आंदोलन भी किया जाएगा.

---

### दामोदरपुर में ट्रांसफार्मर की मांग

**गोमो।** अवर प्रमंडल विद्युत आपूर्ति कार्यालय गोमो के अधीनस्थ क्षेत्रों में विद्युत की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान है. गोमो विद्युत सब स्टेशन में 10 एमभीए का ट्रांसफार्मर लगाने के बाद भी बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है.घंटों बिजली नदारत रहने की समस्या बनी हुई है. इससे ग्रामीण परेशान हैं. रामाकुंडा ग्राम पंचायत अन्तर्गत दामोदरपुर गांव में ट्रांसफार्मर जला पड़ा है. विभाग इसकी सुध नहीं ले रही है. पूरा क्षेत्र अंधकार में डूबा हुआ है. बिजली से जुड़े सभी कार्य बाधित है. ग्राम पंचायत की मुखिया पूर्णिमा देवी ने गुरुवार को बिजली विभाग के एसडीओ संतोष कुमार मंडल को पत्र सौंप कर बिजली की समस्या से अवगत कराते हुए दामोदरपुर गांव में अविलंब ने ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है. मुखिया प्रतिनिधि अमृत रजक ने एसडीओ सन्तोष कुमार मंडल को पत्र सौंप कर समस्या से अवगत कराते हुए अविलंब ट्रांसफार्मर लगाने का मांग पत्र सौंपा है.

### बीसीसीएल : प्रतिदिन उत्पादन रिपोर्ट

| एरिया | | कोल | ट्रांसपोर्ट |
|---|---|---|---|
| बरोरा | - | 17,022 टन | 16,377 टन |
| ब्लॉक-2 | - | 15,024 " | 13,935 " |
| गोविंदपुर | - | 1,315 " | 2,840 " |
| कतरास | - | 6,225 " | 5,038 " |
| सिजुआ | - | 6,506 " | 4,923 " |
| कुसुंडा | - | 12,005 " | 7,669 " |
| पंजाब | - | 468 " | 0 " |
| बस्ताकोला | - | 9,302 " | 10,395 " |
| लोदना | - | 14,000 " | 13,045 " |
| ईजे | - | 10,010 " | 4,120 " |
| सीवी | - | 1,600 " | 0 " |
| डब्ल्यू जे | - | 510 " | 0 " |
| कुल | | 93,987 | 78,342 |

---

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों का जलवा

- पंजाब में झारखंड का जलवा, राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप में 27 पदक

**संवाददाता। धनबाद**




पंजाब के संगरूर में आयोजित 8 वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप में झारखंड के गतकाबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 रजत और 12 कांस्य सहित 27 पदक जीते. यह उपलब्धि झारखंड राज्य के लिए गर्व की बात है. इस चैम्पियनशिप में 24 राज्यों के 1650 खिलाड़ियों ने भाग लिया और झारखंड के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. धनबाद के राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच, कार्मल स्कूल, और डिनोबली गोमो के गतकाबाजों ने राज्य के लिए पदक जीते. गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड की सचिव विद्या ने बताया कि झारखंड टीम के साथ कोच-मैनेजर के रूप में राजीव कुमार सिंह, संजय रजवार, साधना सरकार, देव सरकार, निर्णायक में पप्पू कुमार, सोमनाथ चौहान, सुमित कुमार सम्मिलित थे. राज्य के गतका खिलाड़ियों द्वारा पंजाब में परचम फहराने पर गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष केशव कुमार हारोडिया, सचिव विद्या, कोषाध्यक्ष दिनेश मंडल, सांसद ढुल्लू महतो, पूर्व महापौर चन्द्र शेखर अग्रवाल, राजकमल स.वि.मंदिर के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच की प्रचार्या पूर्णिमा शिल, चार्टर्ड अकाउंटेंट रोहित प्रसाद वा फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसाइटी के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को अपनी बधाई वा शुभकामनाएं दी.

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर दिव्यांग बच्चों का उत्सव

**धनबाद।** धनबाद के जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम में नेशनल स्पोर्ट्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर मयूर शेखर और उनकी टीम ने दिव्यांग बच्चों का हौसला बढ़ाया और उनकी गतिविधियों को सराहा. शेखर ने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी देश की प्रगति के मजबूत आधार हैं. इनके हौसलों को समाज के हर वर्ग के लोगों के सहयोग की जरूरत है. उन्होंने मूक-बधिर छात्र के साथ शतरंज का गेम भी खेला और बच्चों के उत्साह को बढ़ाया.

### राजकमल में खेल समारोह



**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर एक दिवसीय खेल उत्सव आयोजित किया गया. इस उत्सव में विद्यालय के लगभग 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. विद्यालय के प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने बच्चों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल-कूद आगे बढ़ने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है. उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में अनेक अवसर उपलब्ध हैं और अच्छे खिलाड़ियों को जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय तक पहचान के साथ-साथ प्रसिद्धि भी मिलती है. उत्सव में 300 मीटर, 500 मीटर और 1000 मीटर दौड़, शतरंज, कबड्डी, रस्सा-कस्सी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं.

### डीवीसी कर्मियों को दिलाई फिट इंडिया की शपथ

**मैथन।** डीवीसी मैथन परियोजना में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कार्यपालक निदेशक सह परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने डीवीसी कार्मियों को फिट इंडिया का शपथ दिलाई. मौके पर दुबे ने कहा सक्रिय और स्वस्थ जीवन के लिए खेलकूद आवश्यक है. अपने स्वास्थ्य के लिए अपने दिनचर्या से 30 मिनट फिटनेस के लिए अवश्य निकालें और अपने परिवार के अन्य सदस्यों और अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें. दुबे ने कहा कि खेल खेलना फिटनेस और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है. खेलने से न सिर्फ आपका शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि आपका मन और मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है. खेल जैसे गतिविधियां आपके ब्लड सर्कुलेशन, मूड और मानसिक स्वास्थ्य को सही करती है. इसके अलावा आजकल की इस तनाव से भरी दुनिया में खेल ही है, जो कि आपको कुछ ही मिनटों में स्ट्रेस फ्री होने मदद कर सकता है. मौके पर मुख्य महाप्रबंधक संजीत कुमार सिन्हा, वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव एवं अनेक कार्मिक उपस्थित थे.

### कार्यक्रम का आयोजन

**कतरास।** लायंस क्लब कतरास के सौजन्य से राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान छात्राओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने समेत बढ़ते अपराध को देखते हुए खुद को सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए. मौके पर लायंस क्लब कतरास की डॉ. मधुमाला, अंजनी देवी, कुमारी राधा, प्राचार्य सुमन मिश्रा, शिक्षिका दीपाली समेत अन्य मौजूद थे.



चूल्हा चौकी, नावाडीह (असर्फी अस्पताल के समीप, धनबाद)

ACADEMY
Classes (BOARDS - CBSE, ICSE, JAC)
VI-X - (English, Social Science, Computer)
XI-XII (ARTS) - (English, History, Geography, Pol.Sc, Computers)
U.G. & P.G Courses
Honour Subjects - English, History
M.A. Subjects - English, History
IGNOU, BBMKU, VINOBA BHAVE (VBU)
By :- SONA BISWAS
M.A (ENGLISH), M.A (HISTORY),M.C.A
DOEACC('A' Level qualified) - New Delhi

▼ ब्रीफ खबरें

### साक्ष्य के अभाव में आचार संहिता मामले में आरोपी रिहा

**बोकारो।** बोकारो के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दिव्या मिश्रा की अदालत ने चास नगर निगम चुनाव 2015 में आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आरोपी डॉ रतन केजरीवाल, पूर्व महापौर भोलू पासवान, पूर्व वार्ड पार्षद पंकज राय समेत अन्य आरोपियों को सबूत के अभाव में रिहा कर दिया. आरोपी डॉ रतन केजरीवाल एवं अन्य की ओर से अधिवक्ता रणजीत गिरि ने जोरदार बहस किया. दोनों पक्षों के दलील सुनने के बाद दिव्या मिश्रा की अदालत ने सभी आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया. वर्ष 2015 में चास नगर निगम के चुनाव में आचार संहिता तोड़ने के मामले में चास थाना में चुनाव पदाधिकारी द्वारा मामला दर्ज करवाया गया था.

### नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बोकारो।** बोकारो जिला उत्पाद विभाग की टीम ने जरीडीह थाना के तुपकाडीह में नकली अंग्रेजी शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. टीम ने जरीडीह पुलिस के सहयोग से अड्डे पर छापामारी कर 100 लीटर कच्चा स्प्रिट, शराब के खाली बोतलें (प्लास्टिक व कांच), ढक्कन, झारखंड सरकार का नकली लोगो वाला स्टीकर व एक महिंद्रा जाइलो वाहन जब्त किया है. टीम के आने की भनक मिलते ही नकली शराब के धंधेबाज भागने में सफल रहे. धंधेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है. छापेमारी में उत्पाद विभाग के सदर व तेनुघाट के अवर निरीक्षक सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-चंदपुरा रवि रंजन व जरीडीह थाना पुलिस के जवान शामिल थे.

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय थाना पुलिस ने मारपीट के आरोपी मरगोडीह निवासी गेंदो मंडल को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया. उसके खिलाफ थाना में कांड संख्या 79/2023 के तहत मारपीट की प्राथमिकी दर्ज की गई थी. वह कई महीनों से फरार चल रहा था. पुलिस ने बुधवार की रात घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया था.

### क्षेत्रीय राजपूत समाज के सदस्य का निधन

**तलगडिया।** धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज जोन चार बोकारो के वरिष्ठ सलाहकार निवासी नयाडीह के रधुनंदन सिंह 108 बर्ष का गुरुवार सुबह छह बजे निधन हो गया. गांव, समाज के लोग पहुंचे तथा श्रद्धांजलि दी. वे छह पुत्र व तीन पुत्री सहित भरा पुरा परिवार छोड़ कर गये हैं. इनका अंतिम संस्कार नयाडीह पुस्तेनी घाट इजरीनदी में किया गया. जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल थे. वे हमेशा समाज के हित में ही अपना विचार रखते थे. सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाते थे. निधन पर केन्द्रीय, जोनल व ग्राम कमिटी के पदाधिकारी व सदस्यों ने शोक जताया है.

### मृतक के परिजनों से मिले भाजपा नेता

**गावां (गिरिडीह)।** धनवार के भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह गुरुवार को चेरवा में डायरिया से मृत दासो महतो के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया. उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देते हुए एहतियात बरतने की अपील की. बाद में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बातकर प्रभावित इलाके में जांच कैंप लगाकर आवश्यक दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. कहा कि प्रखंड के कई पंचायतों में डायरिया फैलने की बात सामने आ रही है. जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग को सक्रिय रहने का आग्रह किया गया है. ऐसे में सभी लोगों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. उन्होंने लोगों से बरसात के मौसम में कुआं, नदी, तालाब आदि के पानी पीने से परहेज करने की अपील की . कहा कि इलाज के अभाव में दासो महतो की मौत हो जाने की ग्रामीणों के द्वारा बात कही जा रही है. इस पर सिविल सर्जन से बात कर मामले की जांच कराई जाएगी. बाद में उन्होंने तिसरी प्रखंड के भंडारीडीह में बीते दिन आकस्मिक निधन हुए भाजपा नेता सुरेश सिंह के परिजनों से भी मिले और ढांढस बंधाया. मौके पर धनवार के भाजपा नेता उपेंद्र सिंह, अर्जुन यादव, श्याम पंडित, दिनेश यादव, राजेश यादव, लालमन यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे.

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की उपलब्धियों का जश्न



संवाददाता। बोकारो

वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाया है. अकादमी ने स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए अपना ध्यान केंद्रित किया है और अब 50 समर्पित महत्वाकांक्षी तीरंदाजों को प्रशिक्षण दे रही है. अकादमी के छात्रों ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में कुल 185 पदक अर्जित किए हैं. हाल ही में, अकादमी के सात तीरंदाजों ने 15वें झारखंड राज्य तीरंदाजी टूर्नामेंट में 21 पदक जीतकर अपनी अलग पहचान बनाई. अकादमी ने दो प्रमुख आयोजनों की मेजबानी की है, जिसमें जिला तीरंदाजी टूर्नामेंट और वेदांता चैलेंज अंतर-अकादमी टूर्नामेंट शामिल हैं. अकादमी के तीन राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजों को बोकारो जिला तीरंदाजी संघ से प्रतिष्ठित मॉडर्न रिकर्व और इंडियन बोज प्राप्त करने का सम्मान मिला है. ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर, ईआर और पीआर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा कि हम वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं और इसे अगले स्तर पर ले जाना चाहते हैं. हम अपनी पहुंच का विस्तार करने और अधिक से अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

**केबी कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस**

**कथारा।** केबी कॉलेज में गुरुवार को खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया . कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य लक्ष्मी नारायण के द्वारा किया गया . कार्यक्रम स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद्र के जन्म दिवस के अवसर पर कॉलेज परिसर के बीबीए सभागार में आयोजित किया गया . कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद्र जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया . माल्यार्पण के दौरान प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, खेल पदाधिकारी डा साजन भारती, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा प्रभाकर कुमार संयुक्त रूप से मौजूद रहे . रन फॉर हेल्थ थीम पर सेमीनार का आयोजन हुआ .

# झाड़ी में मिली अज्ञात अधेड़ की लाश

## चेहरे पर है जानवर के काटे जाने का निशान, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता। पथरगामा

पथरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नीमावरण के संथाली टोला में झाड़ी के समीप एक अज्ञात अधेड़ की लाश पाई गई. गुरुवार की अहले जब ग्रामीण खेत की ओर निकले तब उनकी नजर जानवरो के झुंड पर पड़ी, जो वहां जुटे हुए थे. पास जाकर देखने पर अधेड़ की लाश पड़ी मिली. जिसके चेहरे पर जानवर के काटे जाने से जख्म का निशान था. शव के नाक एवं आंख को किसी हिंसक जानवर के द्वारा कुतर दिया गया था. इसकी जानकारी फैलते ही अगल बगल से काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई.

घटना की सूचना पाकर पथरगामा थाना प्रभारी अभिनव आनंद भी मौके पर पहुंचे और आवश्यक पड़ताल किया. लाश को पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उपस्थित ग्रामीणों से इसकी पहचान नहीं हो पाई. पुलिस ने पंचनामा के उपरांत लाश को अपने कब्जे में लेकर अत्यंत परीक्षण हेतु सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया. ग्रामीणों ने बताया कि इस अज्ञात अधेड़ को बुधवार की सुबह नौ बजे के करीब इधर भटकते हुए देखा गया था. थाना प्रभारी ने बताया कि जब तक पोस्टमार्टम की रिपोर्ट नहीं आ जाती है तब तक मरने के कारणों का खुलासा अच्छी तरह से नहीं हो पाएगा.



# गावां सीएचसी में हुए 65 लाख के घोटाले में डॉ चंद्रमोहन समेत चार पर मामला दर्ज

## 24 जून को गिरिडीह सीएस ने औचक निरीक्षण कर पकड़ी थी गड़बड़ी

**खास बातें**

- ऑडिट रिर्पोट में मामले का हुआ खुलासा
- डीसी के आदेश पर हुई कार्रवाई



संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एनआरएचएम मद में हुए घोटाले में तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चंद्रमोहन कुमार, बीपीएम प्रमोद वर्णवाल, प्रधान सहायक प्रभात कुमार और प्रभारी के करीबी कोडरमा के सतगावां निवासी दिनेश चौधरी पर गावां थाना में मामला दर्ज की गई है.

बता दें कि 24 जून को गिरिडीह सीएस शिव प्रसाद मिश्रा ने गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया था. निरीक्षण के क्रम में कैशबुक और स्टोर की जांच में उन्हें वित्तिय अनियमितता का एहसास हुआ था. इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंद्रमोहन को प्रभारी के पद से हटाते हुए उक्त पूरे मामले की जानकारी उन्होंने गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा को दिया था.

सीएस से मिले शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीसी ने चार सदस्यीय टीम का गठन कर गावां सीएचसी के एनआरएचएम में हुए वित्तीय लेन-देन का स्पेशल ऑडिट कराया. ऑडिट के दौरान पिछले तीन वित्तीय वर्ष में लगभग 65 लाख रुपये की गड़बड़ी सामने आई. इस दौरान फर्जी बिल पर दवाओं की खरीद, फर्जी संस्थान के नाम बैंक खाता में वितीय लेन-देन समेत कई तरह की गड़बड़ियां सामने आई . जांच टीम ने 2 माह तक बारीकी से एनआरएचएम मद में हुए हरेक लेन-देन को बारीकी से देखा और अंततः 65 लाख रुपये गबन होने की फाइनल रिपोर्ट डीसी को सौंपी गई. इस गबन में तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंद्रमोहन कुमार, बीपीएम प्रमोद बरनवाल, प्रधान सहायक सह स्टोर कीपर प्रभात कुमार के अलावे सतगावां के दिनेश चौधरी को दोषी पाया गया.

जांच रिपोर्ट डीसी को मिलने के बाद डीसी ने इस मामले पर कड़ा एक्शन लेते हुए इस घोटाले में संलिप्त तत्कालीन प्रभारी डॉक्टर चंद्रमोहन, प्रधान सहायक प्रभात कुमार, बीपीएम प्रमोद वर्णवाल और इस घोटाले के मास्टरमाइंड दिनेश चौधरी पर मामला दर्ज करवाने का निर्देश गिरिडीह सीएस को मिला.

उपायुक्त के आदेश पर सीएस ने गावां के वर्तमान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेश्वरम को उक्त चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का आदेश दिया. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वर्तमान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महेश्वरम के आवेदन पर गावां थाना में बुधवार को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है.

इस संबंध में पूछे जाने पर गावां के थानेदार महेश चंद्र ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से मिली शिकायत के आधार पर गावां थाना में डॉक्टर चंद्रमोहन समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. इन सबों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है.

**आरोपी डॉक्टर का हो चुका है तबादला**

बता दें इस प्रकरण के आरोपी डॉ चंद्रमोहन कुमार का कोडरमा में स्थानांतरण हो गया है . वे फिलहाल कोडरमा सदर अस्पताल में सेवारत हैं . इसके अलावा दो अन्य आरोपी बीपीएम प्रमोद बरनवाल और प्रधान सहायक प्रभात कुमार अभी भी गावां सीएचसी में ही कार्यरत्त हैं . इतने बड़े घोटाले में दोषी पाए जाने के बाद भी उक्त दोनों कर्मियों का गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही कार्यरत रहना गंभीर मामला है .

### विस्थापित अप्रेंटिस संघ ने बीएसएल निदेशक के आवास को घेरा

**बोकारो।** विस्थापित अप्रेंटिस संघ बोकारो ने गुरुवार को नियोजन की मांग को लेकर बीएसएल के ईडी राजन प्रसाद के आवास का घेराव किया. ईडी आवास के मुख्य गेट पर धरना पर बैठ गये. अप्रैटिस संघ के सदस्यों ने कहा कि हमलोग जमीन दाता हैं. हमारे भूमि पर बीएसएल प्लांट स्थापित है, लेकिन हमारी समस्याओं को सुनने का समय ईडी के पास नहीं है. जब भी हम मिलने का वक्त मांगते हैं, हमें टाल दिया जाता है. कहा कि 24 अगस्त को संघ के साथ वार्ता की तिथि निर्धारित थी, लेकिन इन्होंने वार्ता करना उचित नहीं समझा. मजबूरन आज इनके आवास द्वार पर बैठे हैं. शाम करीब 5 बजे ईडी से वार्ता के लिए 13 सितंबर की तिथि निर्धारित कर संघ के सदस्यों को दिया गया. इसके बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया.

### लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा जल्द होगा उपलब्ध : अंसारी

**धनवार (गिरिडीह)।** गुरुवार को खोरी महुआ अनुमंडल स्तरीय हॉस्पिटल का निरीक्षण प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सफीक अंसारी ने किया. उन्होंने कहा कि अस्पताल बनकर तैयार हो गया है. फर्नीचर और बेड का काम चल रहा है. बहुत जल्द अस्पताल का उद्घाटन होगा. इसके बाद खोरी महुआ अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को इसका स्वास्थ्य लाभ मिलना शुरू हो जाएगा. धनवार विधानसभा क्षेत्र के तत्कालीन विधायक निजामुद्दीन अंसारी के प्रयास से खोरी महुआ अनुमंडल बना. इसलिए हॉस्पिटल का श्रेय भी कहीं ना कहीं निजामुद्दीन अंसारी को जाता है. मौके पर उत्तरी डोरंडा पंचायत समिति सदस्य रवि लाल अग्रवाल, सौरव रंजन, अनिल पासवान, सतीश राम, संतोष राम, मुकेश अग्रवाल, सुखदेव राम, जुम्मन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे.

### यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक, यातायात आशीष कुमार महली के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया. जिसमें तीन लाख से ज्यादा जुर्माना वसूला गया. इस विशेष अभियान में आरके राणा, पुनि सह थाना प्रभारी, यातायात थाना एवं यातायात थाना के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों का सहयोग रहा. अभियान के तहत लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई एवं इस संबंध में लंबी दूरी की बसें, भारी वाहन, चार पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन, दो पहिया वाहनों की जांच की गई. जाँच के क्रम में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों से कुल 3,01,650/- (तीन लाख एक हजार छः सौ पचास) रू० का जुर्माना वसूला गया.

### महिला सुरक्षा प्राथमिकता : आईजी

**बोकारो।** एसपी कार्यालय सभागार में गुरुवार को उत्तरी छोटानागपुर जोन के आईजी एस माइकल राज ने जोन के 11 महिला थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की. जिसमें महिला सुरक्षा और महिला थानों में सुविधाओं की समीक्षा की गई. इस बैठक में बोकारो के एसपी पूज्य प्रकाश और मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता भी उपस्थित रहे. बैठक के दौरान, आईजी ने सभी 11 महिला थानों में उपलब्ध सुविधाओं और दर्ज मामलों की प्रगति की समीक्षा की. मीडिया से बात करते हुए आईजी एस माइकल राज ने कहा कि महिला सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है. उन्होंने थानों में महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं और महिला सुरक्षा को लेकर की जा रही तैयारियों पर भी चर्चा की. साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि महिला अपराधों को रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाना आवश्यक है, ताकि जानकारी के अभाव में होने वाले अपराधों को रोका जा सके.

### 38वें एसपी के रुप में डॉक्टर बिमल कुमार ने लिया चार्ज

**गिरिडीह।** गिरिडीह के 38 वें एसपी के रूप में गुरुवार को डॉक्टर बिमल कुमार ने पदभार ग्रहण किया. उन्होंने एसपी के कार्यालय कक्ष में निवर्तमान गिरिडीह एसपी रहे दीपक कुमार शर्मा से पदभार ग्रहण किया. इसके पूर्व डॉ बिमल कुमार के गिरिडीह समाहरणालय पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. बाद में निवर्तमान एसपी और नये एसपी दोनों एसपी के कार्यालय कक्ष पहुंचे. जहां पदभार ग्रहण करने के आवश्यक औपचारिक प्रक्रिया को पूरी करने के बाद निवर्तमान एसपी दीपक शर्मा ने नये एसपी डाक्टर बिमल कुमार को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया. मौके पर एसपी डॉक्टर बिमल कुमार ने पत्रकारों से बात चीत करते हुए कहा कि जिले में पुलिसिंग का काम काफी अच्छे तरीके से चल रहा है. उन सभी कामों को निरंतरता प्रदान करना एवं जनता को बेहतर सेवा प्रदान करना उनकी प्रथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि नक्सलियों पर नकेल कसने की दिशा में भी बेहतर कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी.मौके पर निवर्तमान एसपी दीपक शर्मा ने कहा कि गिरिडीह की जनता और प्रेस मीडिया के लोगों का उन्हें उनके 13 माह के कार्यकाल में काफी सहयोग मिला.

### पंसस की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड प्रखंड मुख्यालय परिसर में पंचायत समिति सदस्यों का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा . कार्यक्रम पूर्व से ही निर्धारित था . पंचायत समिति सदस्यों ने धरना प्रदर्शन का समर्थन भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने भी किया और धरना में शामिल हुए . उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इन दिनों पीरटांड़ प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय में व्यापक रूप से भ्रष्टाचार चल रहा है. प्रखंड कर्मियों एवं अधिकारियों को बिना चढ़ावा दिए कोई काम नहीं होता है. प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय में अबुआ आवास, जमीन संबंधित कार्य, मनरेगा योजना, पेंशन योजना,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के अलावे कई योजना में बिना चढ़ावा के काम नही होता है. जिसके लिए हम जिला प्रशासन से जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग करते हैं. वहीं पंचायत समिति सदस्यों द्वारा प्रखंड मुख्यालय गेट के सामने बीडीओ और ब्लॉक कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. धरना प्रदर्शन करने वालों में पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक, नवीन सिंह, योगेंद्र तिवारी, जीवलाल पंडित, जागो रजक आदि उपस्थित थे.

### बिरसा फसल बीमा योजना का होगा ऑनलाइन पंजीकरण

**गावां (गिरिडीह)।** गावां के प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रदीप राम ने प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवकों व कृषि मित्रों को प्रधानमंत्री बिरसा फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि इस योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ें. इसका प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया. कहा कि प्रधानमंत्री बिरसा फसल बीमा योजना पूरे झारखंड में कार्यान्वित की जा रही है. इसमें किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जाएगा. योजना के तहत खरीफ सीजन 2024-25 में अगहनी, धान, भदई, मकई फसलों का बीमा किया जाना है.

# उत्पाद पुलिस की शारीरिक जांच परीक्षा में दर्जन से अधिक अभ्यर्थी हुए बेहोश

संवाददाता। साहिबगंज

जैप-09 परिसर में गुरुवार से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के निर्देशानुसार झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत शुरू हुई उत्पाद पुलिस अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच परीक्षा में 7वें दिन दौड़ के दौरान तीसरी बार दर्जन से अधिक अभ्यर्थी फिर बेहोश हो गए. आनन फानन में पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रसाद, उपाध्यक्ष मंटू कुमार पासवान, मंत्री नवीन मुर्मू, केंद्रीय सदस्य मनीष कुमार मानवेल ने उन्हें एम्बुलेंस से ईलाज के लिए सदर अस्पताल ले गये. वहीं ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मोहन मुर्मू, चिकित्सकों ने उनका इलाज किया और सदर अस्पताल के डीएस डॉक्टर रंजन कुमार ने सभी बेहोश पड़े उत्पाद पुलिस अभ्यर्थियों को हाल चाल जाना और देखा.



मिली जानकारी के अनुसार बेहोश हुए अभ्यर्थियों में गया के शिवपूजन कुमार (24), विकास कुमार, राकेश कुमार, शिवशक्ति कुमार (21), नवादा के राहुल कुमार (23), नालंदा के सुजीत कुमार (25), भागलपुर के मोनू कुमार (23), पलामू की कुमारी नीलम (28), गोड्डा के दीपक कुमार साह (22), गया के हिमांशु राज (23), सुबोध कुमार, कुलदीप प्रजापति (26), अमित कुमार, रूपा कुमारी, गुमला के अमन गुलेरी (19), गया के आश्रित (20), गया के संदीप (20), साहिबगंज के राज मंडल (30), कल्याणपुर के शिवशंकर (21) शामिल हैं. इधर सदर अस्पताल के चिकित्सक व कर्मी सभी के ईलाज में लगे थे.

## बोकारो में अटल पेंशन योजना (एपीवाई) पर आउटरीच प्रोग्राम आयोजित

# 18 से 40 वर्ष का व्यक्ति एपीवाई से जुड़ सकते हैं : ममता

- कार्यक्रम का आयोजन बोकारो के लीड बैंक, बैंक ऑफ इंडिया ने किया




संवाददाता। बोकारो

गुरुवार को पेंशन निधि विनायक एवं विकास प्राधिकारण द्वारा अटल पेंशन योजना (एपीवाई) पर आउटरीच प्रोग्राम कार्यक्रम का आयोजन कैंप टू स्थित जायका हैपनिग्स सभागार में किया गया. कार्यक्रम का आयोजन बोकारो के लीड बैंक बैंक ऑफ इंडिया ने किया. कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक, यूको बैंक तथा अन्य बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थिति थे.

कार्यक्रम में पीएफआरडीए की पूर्णकालिक सदस्य (अर्थशास्त्र) ममता शंकर तथा उप महाप्रबंधक प्रियंका गुप्ता उपस्थित थी. एसएलबीसी के उप महाप्रबंधक सी गोपाल कृष्ण, बैंक ऑफ इंडिया के उप-आंचलिक प्रबन्धक निकुंज जैन, बैंक ऑफ इंडिया वित्तीय समावेशन प्रबन्धक मनीष चंचल, पीएनबी के उप-मण्डल प्रमुख प्रकाश कुमार मिश्रा, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रमुख अभिषेक कुमार सिन्हा, डीडीएम नाबार्ड सहित लीड बैंक मैनेजर, सीएसपी संचालक तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

कार्यक्रम के प्रारंभ में एसएलबीसी के उप महाप्रबंधक सी गोपाल कृष्ण ने सभी का स्वागत करते हुए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के बारे में जानकारी दी.

उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि गत वर्ष बैंक ऑफ इंडिया ने एपीवाय का बजट 79% पूरा किया. इस वर्ष भी बैंक अब तक 2041 एपीवाई खाता खुल चुका है. बैंक ऑफ इंडिया अपनी शाखाओं के माध्यम से अधिक से अधिक व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा के इस पेंशन योजना में जोड़ने के लिए कार्यरत हैं.

दिल्ली से कार्यक्रम में भाग लेने आई ममता शंकर ने विस्तार से इस योजना के बारे में चर्चा की तथा बोकारो के योगदान की सराहना की. उन्होंने बताया कि अटल पेंशन योजना भारत के सभी नागरिकों के लिए विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र, गरीब एवं वंचित वर्ग के लिए वर्ष 2015 में शुरू किया गया था.

उन्होंने कहा कि 18 से 40 वर्ष तक कि उम्र का कोई भी व्यक्ति जो आयकर का भुगतान नहीं कर रहा है एपीवाई से जुड़ सकता है.

पीएफआरडीए की डीजीएम प्रियंका गुप्ता ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के मध्यम से अटल पेंशन योजना के विभिन्न प्रावधानों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया. उन्होंने प्रश्न और उत्तर के मध्यम से लोगों की जिज्ञासाओं का सामाधन किया. अन्य वक्ताओं ने भी अटल पेंशन योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला.

कार्यक्रम के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक आबिद हुसैन ने धन्यवाद करते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति की उम्र अगर 18 वर्ष और वह 1000 प्रति माह पेंशन लेना चाहता है तो उसे 42 रुपये, 5000 पेंशन के लिए 210 रुपया प्रति माह जमा करना होगा. अगर 40 वर्ष के उम्र 1000 प्रति माह पेंशन लेना हो तो 291 रुपया तथा 5000 के लिए 1454 रुपया प्रति माह जमा करना होगा.

### ग्रीन होटल से पटेल चौक तक चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर गुरुवार को नगर प्रशासक अभिषेक कुमार के नेतृत्व में शहर के ग्रीन होटल चौक से पटेल चौक तक अतिक्रमण मुक्त अभियान चालया गया. इस दौरान पूर्व में दिए गए आदेश का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों से जुर्माना भी वसूला गया. वहीं जेसीबी व कर्मियों के माध्यम से कई दुकानों को हटाया गया. नगर प्रशासक ने बताया कि रेलवे स्टेशन के आसपास जाम मुक्त एरिया बनाने के डीसी के आदेश पर अतिक्रमण हटाया जा रहा है. इस मौके पर सीटी मैनेजर भावेश यादव, जेई, नगर थाना एएसआई और पुलिस बल मौजूद थे.

### आजसू नेत्री ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड के खुद्दीसार पंचायत के कोयरी टोला में पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर जल गया था, जिससे ग्रामीण बहुत दिक्कत में थे. इसकी जानकारी आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव यशोदा देवी को मिलने पर उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात करके नया ट्रांसफार्मर दिलवाई. ट्रांसफार्मर मिलने की खुशी में ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया कि जब तक आजसू नेत्री ट्रांसफार्मर उद्घाटन करने नहीं आएगी, तब तक हमलोग बिजली नहीं जलायेंगे. तत्पश्चात ग्रामीणों की जिद को देखते हुए आजसू नेत्री बुधवार की रात्रि गांव पहुंच बिजली ट्रांसफार्मर का फीता काट कर उद्घाटन की. इस दौरान आजसू के जिला प्रधान सचिव छक्कन महतो, धर्मेन्द्र यादव, सुरेंद्र यादव, विजय कुमार यादव, प्रदीप कुमार, बलराम वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, पिन्टु कुमार, सुरेश कुमार, संजय कुमार, रामेश्वर कुमार, झुपर महतो, पवन वर्मा, उमेश कुमार, कुलदीप राणा आदि उपस्थित थे.

### बिजली पोल हटाने के लिए एसडीओ को आवेदन

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत पचम्बा हाई स्कूल के निकट वार्ड नम्बर एक शांतिनगर निवासी विकास कुमार रंजन ने गुरुवार को बिजली विभाग के सहायक अभियंता को आवेदन देकर अपने दरवाजा पर लगा बिजली पोल को हटाने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा कि कई बार मौखिक रूप से बोलने और लिखित आवेदन देने के बाद भी बिजली का पोल नहीं हटा. अंततः आज फिर से उन्होंने आवेदन दिया है. इस बार सहायक अभियंता ने पोल हटवा देने की बात कही है. आवेदन की प्रतिलिपि विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शहरी गिरिडीह को भी दिया गया है. उन्होंने कहा कि बिजली पोल के कारण उनका चार पहिया वाहन सड़क पर रखना पडता है, जो कभी भी चोरी हो सकता है. पिछले महिना ही इस मुहल्ला से एक गाडी चोरी हो चुका है. कहा कि विभाग को तत्परता दिखाते हुए दरवाजा पर से बिजली पोल यथाशीघ्र हटाना चाहिए.

**NOTICE**

**WHEREAS it is stated that Sri Virendra Kumar, S/o Late Ram Sewak, Ex-Staff No. 224113 has applied for regularization of Qr. No. 1303 in Sector-VIII/D, B.S.City, pursuant to death of Sri Ram Sewak, the original Lessee upon obtaining ₹No Objection₹ Certificate from co-sharers as per Family Tree dated 21.08.2024 issued by Circle Officer.**

**If any person or persons have any objection to such regularization, he/ she shall file the same before GM(TA-L&E)/ Estate Affairs, Bokaro Steel Plant, Town Administration Department, Nagar Seva Bhawan, Sector-3, Bokaro Steel City, within 30 days of publication, failing which the application for regularization shall be pursued as per rules.**

## ब्रीफ खबरें

### माले-मासस की एकता रैली को लेकर बैठक

**मैथनः** माले-मासस के 9 सितंबर को धनबाद में एकता रैली व सभा के तैयारी को लेकर भाकपा माले की विशेष बैठक मैथन रोड स्थित कार्यालय में हुई. बैठक में सबसे पहले माले सदस्य कालीमंडा निवासी कॉमरेड मोहन भगत के निधन पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर उपस्थित माले के राज्य सचिव कॉमरेड मनोज भक्त ने कहा कि माले-मासस एकीकरण के आह्वान पर लाल-हरे झंडे की नयी एकता के जरिए झारखंड में फासीवाद को धूल चटाओ नारे को बुलंद करते हुए 9 सितंबर को धनबाद गोल्फ ग्राउंड में हो रही रैली व सभा को ऐतिहासिक पहचान स्थापित करना है. कार्यक्रम में किसान-मजदूर, छात्र-नौजवान, महिलाओं की भागेदारी पर जोर देना है. मौके पर जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, नागेन्द्र कुमार, मनोरंजन मलिक, हरेन्द्र सिंह, जगदीश शर्मा, असीम घोष, तपन मलिक, मनोज पांडेय, सानू रंजन मलिक आदि उपस्थित थे.

### आबुआ आवास योजना में पैसा मांगने का आरोप

**बड़वाअड्डा :** पश्चिमी गोविंदपुर के कुलबेड़ा पंचायत निवासी सुधीर प्रमाणिक ने आबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है. उन्होंने धनबाद उपायुक्त को शिकायत पत्र देकर बताया कि उनकी पत्नी माया देवी के नाम पर आबुआ आवास योजना स्वीकृत हुई है, लेकिन कुबवड़ा पंचयात के मुखिया श्याम पद मंडल और पंचयात सचिव मंटू कुमार साव 20 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं.
सुधीर प्रमाणिक ने आरोप लगाया है कि पैसे नहीं देने के कारण उन्हें आवास नहीं मिल रहा है. उन्होंने उपायुक्त से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है.
इस मामले में मुखिया श्याम पद मंडल ने आरोप को निराधार बताया है, जबकि पंचयात सचिव मंटू कुमार साव ने आरोप को गलत बताया है और कहा है कि स्वीकृत आबुआ आवास प्राथमिका के अनुसार कार्य किया जा रहा है.

# राणी सती दादी मंदिर में बहेगी भक्ति की बयार

## 26 वां श्री भादो अमावस्या महोत्सव में चार दिवसीय कार्यक्रम

- महोत्सव में गंगा आरती, कलश यात्रा, मेहंदी उत्सव, संगीतमय मंगल पाठ, राणी सती दादी का आलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत एवं विशेष पूजन होगा
- तीसरे दिन सोमवार को दादी जी के श्री चरणों का फूलों द्वारा अभिषेक और रात्रि ' होगा जागरण

**खास बातें**

- पहले दिन नगर भ्रमण, निशान शोभा यात्रा व नयनाभिराम झांकी कतरास बाजार से निकाली जाएगी



संवाददाता। कतरास

श्री राणी सती दादी जी मंदिर तथा समाज भवन समिति द्वारा चार दिवसीय 26 वां श्री भादो अमावस्या महोत्सव का आयोजन शनिवार से होगा. उक्त जानकारी राणी सती मंदिर में आयोजित प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष डॉ बीएन चौधरी ने दी. इसकी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है. महोत्सव को भव्य बनाने के लिए समिति के लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने बताया कि महोत्सव के पहले दिन शनिवार को प्रातः 5 नगर भ्रमण तथा सुबह 9 बजे निशान शोभा यात्रा व नयनाभिराम झांकी कतरास बाजार के भगत सिंह चौक से निकाली जाएगी. शोभा यात्रा भगत सिंह चौक से निकलकर कतरास बाजार, कलाली फाटक, गुहीबांध, सब्जी पट्टी, थाना चौक होते हुए राणी सती मंदिर पहुंचेगी. शोभा यात्रा में गंगा आरती आकर्षक का केन्द्र होगा. शाम चार बजे कलश यात्रा व मेहंदी उत्सव आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को प्रातः 9 बजे संगीतमय मंगल पाठ कोलकाता के स्वाति अग्रवाल एण्ड पार्टी के द्वारा किया जाएगा. शाम 4 बजे राणी सती दादी का आलौकिक श्रृंगार, 5 बजे अखंड ज्योत एवं विशेष पूजन होगा. कार्यक्रम के तीसरे दिन सोमवार को दादी जी के श्री चरणों का फूलों द्वारा अभिषेक शाम 6.30 में दादी का ज्योत पूजन संध्या 7.30बजे कोलकाता के ज्योति खन्ना एवं पार्टी रात्रि जागरण होगा .आयोजन के चौथे दिन मंगलवार को प्रातः 4 बजे दादी का गुलाब जल युक्त से स्नान एवं श्रृंगार के बाद आठ बजे महारुद्राभिषेक एवं हनुमान पूजन संध्या 6.30 बजे महाआरती, संध्या 7 बजे छप्पन भोग के बाद रात्रि आठ बजे से दादाजी की शयन आरती का आयोजन किया जाएगा. मौके पर राजेश केडिया,प्रदीप सोनी, महेश अग्रवाल,सुनील चौधरी, राजकुमार मधू , सुरेश शर्मा, विजय राजगढीया, सुशील चौधरी, सहित अन्य मौजूद थे.

# मंगला आरती समिति ने किया संगोष्ठी का आयोजन

## सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरुक करने की अपील



संवाददाता। कतरास

**कतरास।** मंगला आरती समिति की ओर से कतरास समाज भवन में गुरुवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह समिति विगत दो वर्षों से सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करते आ रही है. समिति की ओर से पौधरोपण, रक्तदान शिविर, 108 साप्ताहिक मंगला आरती सह सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन लगातार करती आ रही है. देशहित एवं धर्महित में समिति हमेशा तत्पर रहेगी. समिति की ओर से पवित्र सावन माह में कांवरियों के लिए श्रीश्री गौरीनाथ धाम चिड़का में सेवा शिविर का आयोजन किया गया. संगोष्ठी में हर सनातनी को प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ अपने निकटतम मंदिर में आयोजित करने का आग्रह किया गया. मौके पर डॉ. स्वतंत्र कुमार, विनायक गुप्ता, डॉ. योगेंद्र गोस्वामी, कृष्ण कन्हैया राय, शंकर जयसवाल, काजल प्रमाणिक, मुकेश भट्ट, चंदन बच्चन दा समेत समिति के दर्जनों सदस्य मौजूद थे.

# टिकट की घोषणा में युवाओं को मिले प्राथमिकता : मो जुबेर




**खास बातें**

- युवा ही देश की रीढ़ हैं और इन्हें नजर अंदाज नहीं किया जा सकता

संवाददाता। धनबाद

धनबाद । धनबाद जिला के सभी छह विधानसभा से टिकट के दावेदारों ने अपनी अपनी दावेदारी ठोक दी है. जिसमें सिर्फ धनबाद विधानसभा से 56 दावेदारों ने अपना आवेदन जिलाध्यक्ष संतोष सिंह को सौंप दिया है. धनबाद विधानसभा से दावेदारी करने वालों में सबसे युवा दावेदार मो जुबेर उर्फ तबरेज खान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से पूरे झारखंड से युवाओं को ज्यादा से ज्यादा टिकट दिया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि युवा ही देश की रीढ़ हैं और इन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. हर बार टिकट बंटवारे के समय युवाओं को नजरअंदाज किया जाता है. तबरेज ने टिकट बंटवारे में युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की है.

### किन्नर समाज की शिव चर्चा 31 अगस्त से



**धनबाद।** झारखंड प्रदेश किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी के आवास पर दो दिवसीय अखंड कीर्तन का आयोजन 31 अगस्त से किया जाएगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. इस संबंध में छमछम देवी ने बताया कि अखंड कीर्तन में धनबाद जिले समेत बाहर के भी श्रद्धालु शामिल होंगे. कीर्तन की समाप्ति के बाद शिव चर्चा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों महिलाएं भाग लेंगी. उन्होंने कहा कि यह आयोजन हर वर्ष जन्माष्टमी के छठी के मौके पर किया जाता है. इस दिन किन्नर समाज की ओर से अपने यजमानों के लिए सुख-शांति की प्रार्थना की जाती है. शिव चर्चा के समापन के बाद तीन दिनों तक भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों लोग प्रसाद खाते हैं. छमछम देवी फिलहाल दिल्ली में इलाजरत है

## जेबीकेएस की बैठक में वंशवाद की राजनीति पर चोट

# टाइगर जयराम महतो झारखंडियों को दिलाएंगे अधिकार : डिंपल चौबे



संवाददाता। धनबाद

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेबीकेएस) की बैठक सिजुआ और महुदा में गुरुवार को हुई. बैठक को संबोधित करते हुए जेबीकेएस धनबाद महानगर की अध्यक्ष डिंपल चौबे ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष हो गए, लेकिन इन 24 वर्षों के दौरान झारखंड के लोगों को उनके अधिकार दिलाने में सभी राजनीतिक पार्टियां नाकाम रही. उन्होंने कहा कि झारखंड में शुरू से ही वंशवाद की राजनीति चलती रही है. जबतक वंशवाद की राजनीति चलती रहेगी तबतक लोगों को उनके अधिकार नहीं मिलेंगे. 24 वर्षों के बाद टाइगर जयराम महतो के रूप में झारखंड को एक विकल्प मिला है. इस युवा नेता को सभी वर्गों और समुदायों का समर्थन प्राप्त है. आने वाले समय में ये नेता झारखंडियों को उनके अधिकार दिलाकर रहेंगे. मौके पर जेबीकेएस महिला मोर्चा की केंद्रीय महासचिव रजनी रवानी, सचिव आशा महतो, कोषाध्यक्ष भगवती देवी, संगठन सचिव आरती कुमारी, बसंती देवी, , बिंदु देवी समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद थीं.

### जश्रसं की असंगठित क्षेत्र समिति का पुनर्गठन



**भगतडीह।** जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) की बैठक गुरुवार को झरिया स्थित कार्यालय में हुई. बैठक में कुसुंडा एरिया छह के असंगठित क्षेत्र समिति का पुनर्गठन कर वार्ड 37 के पूर्व पार्षद शैलेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष पद सौंपा गया. शैलेंद्र सिंह को दूसरे यूनियन में जाने की चर्चा जोर-शोर से चल रही थी. उपाध्यक्ष बनते ही चर्चा समाप्त हो गई. पुनर्गठित कमेटी इस प्रकार है- अध्यक्ष- नवीन पांडे. संगठन सचिव- विश्व विजय सिंह, संयुक्त सचिव- विपिन मंडल एवं सत्याशु राउत. सहायक सचिव- विक्रम सिंह. कोषाध्यक्ष- गोल्डी सरदार. इनके अलावा पिंकू चौहान, दीपक वर्मा, पिंटू रवानी, चिंटू खान, कंचन पासवान, आनंद कुमार और विपिन पंडित भी पदाधिकारी बनाए गए. भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने इन पदाधिकारियों को पत्र सौंपा. बैठक की अध्यक्षता जश्रसं के केन्द्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा ने की.

## आसनसोल

# भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल ने रानीगंज में थाने के बाहर किया प्रदर्शन



## टीएमसी के गुंडों द्वारा पुलिस के सहयोग से भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगातार कर रहे हैं हमले

**खास बातें**

- भाजपा नियम कानून का सम्मान करने वाली है पार्टी

संवाददाता। रानिगंज

**रानीगंज।** भाजपा के बंगाल बंद के दौरान टीएमसी के गुंडों द्वारा पुलिस के सहयोग से भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले के विरोध में आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्निमित्रा पाल के नेतृत्व में रानीगंज थाना पर प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए हमले के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करने के लिए आयोजित किया गया था। रानीगंज के डॉल्फिन मैदान से रानीगंज थाना तक प्रतिवाद जुलूस निकाला गया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष बप्पा चटर्जी सहित जिले के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और टीएमसी के गुंडों द्वारा किए गए हमले की निंदा की। विधायक अग्निमित्रा पाल ने कहा कि टीएमसी के लोग भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि भाजपा कार्यकर्ता पलटवार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भाजपा नियमों का पालन करने वाली पार्टी है और कानून का सम्मान करती है, लेकिन टीएमसी को भाजपा कार्यकर्ताओं की शराफत को उनकी कमजोरी नहीं समझनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन टीएमसी के गुंडों द्वारा उन पर हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि वे भाजपा कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें और हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इस प्रदर्शन में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए और उन्होंने टीएमसी के गुंडों द्वारा किए गए हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे और टीएमसी के गुंडों द्वारा किए गए हमले का मुकाबला करेंगे।

### महिलाओं का सम्मान करें : सोमनाथ दास

**रानीगंज ।** कोलकाता में महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के रानीगंज शाखा ने एक विरोध रैली निकाली। यह मौन जुलूस मारवाड़ी पट्टी से होकर रानीगंज की परिक्रमा करते हुए नेताजी स्टैचू तक पहुंचा। सोमनाथ दास ने कहा, आज महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के खिलाफ यह मौन जुलूस निकाला गया है। हर इंसान को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि हर इंसान का जन्म महिला के गर्भ से होता है। उत्पल सेन ने कहा, ₹महिलाओं का सम्मान करना सिर्फ प्रशासन का नहीं, बल्कि समाज का भी दायित्व है। महिलाएं सिर्फ अपने कार्य स्थल पर नहीं, बल्कि हर जगह पर सुरक्षित रहें। जिस देश में महिलाओं का सम्मान होता है, वह देश तरक्की करता है। उन्होंने आगे कहा, ₹आज महिलाओं की सुरक्षा पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लग गया है, लेकिन इससे प्रश्न चिन्ह को सिर्फ प्रशासन नहीं, समाज के लोगों को भी मिलकर हटाना होगा, ताकि महिलाएं हर जगह पर सुरक्षित रहें।

### तापस को मिलेगा शिक्षा रत्न पुरस्कार



**रानीगंजः** पश्चिम बर्द्धमान जिले के रानीगंज स्थित सियारसोल राज हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक तापस कुमार चटर्जी को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा शिक्षा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार शिक्षक दिवस (5 सितंबर) के अवसर पर कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में दिया जाएगा। तापस कुमार चटर्जी को पश्चिम बंगाल सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक द्वारा इसकी सूचना दी गई है और उन्हें समारोह में उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया गया है। रानीगंज क्षेत्र के लिए यह एक सम्मान का विषय है कि यहां के एक स्कूल के प्रिंसिपल को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल रहा है। तापस कुमार चटर्जी को बधाई देने वालों में राजीव मुखर्जी, गांधी प्रसाद नोनिया, मुकेश झा, मनोज यादव, अतनु दत्ता, सुजात हुसैन, मोहम्मद इमरान उदास चक्रवर्ती आदि शामिल हैं।

# डॉक्टर की हत्या को लेकर बराकर में कैंडल मार्च



संवाददाता। बराकर

सीतारामपुर में पूर्व रेलवे कर्मचारी संघ और आदिकर्ण फाउंडेशन ने मिलकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा चिकित्सक की दर्दनाक हत्या के विरोध में मोमबत्ती जुलूस निकाला। इस मौन जुलूस में स्कूल, कॉलेज के छात्रों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ सीतारामपुर शाखा के उपाध्यक्ष सुभाष चौधरी, सचिव राजेश हेला, नीतू कुमारी सहित कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। आदिकर्ण फाउंडेशन के चेयरपर्सन संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि रेलवे कर्मचारी संघ ने मोमबत्ती जुलूस निकालकर समाज में यह संदेश दिया है कि रेलवे भी समाज के हर वर्ग के साथ खड़ा है। महिला चिकित्सक की दर्दनाक घटना ने महिला सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया है। मोमबत्ती जुलूस सीतारामपुर के नीचे बाजार से टैगोर फुटबॉल मैदान तक निकाला गया और इसके बाद सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन के बाहर मोमबत्ती लेकर खड़े होकर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रकट किया गया।

## ईसीएल विद्या कार्यक्रम शुरू करने का समझौता किया

# झारखंड के 63 स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम आईसीटी लैब की सुविधा प्रदान की जाएगी

**खास बातें**

- अनुमानित लागत 8 .52 करोड़ रुपये है, जो कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा अपनी सीएसआर पहल के तहत प्रदान की जाएगी

संवाददाता। सांकतोड़िया

आज के समय में डिजिटल माध्यमों से शिक्षा को एक आवश्यकता मानते हुए तथा डिजिटल डिवाइड को कम करने के लिए डिजिटल कक्षाओं की पहुंच को बढ़ाना समय की मांग है, ईसीएल ने गुरुवार 29 अगस्त 2024 को ईसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता की उपस्थिति में 'ईसीएल के सीएसआर के तहत डिजिटल विद्या कार्यक्रम' के लिए ईडीसीआईएल (इंडिया) लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस सीएसआर पहल के तहत, गोड्डा जिले के 40 स्कूलों और दुमका जिले के 23 स्कूलों; झारखंड के कुल 63 स्कूलों को स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी लैब की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम की अनुमानित लागत 8.52 करोड़ रुपये है और कुल निधि कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा अपनी सीएसआर पहल के तहत प्रदान की जाएगी। नीति आयोग के अनुसार गोड्डा और दुमका जिले आकांक्षी जिले हैं और ईसीएल भी इन क्षेत्रों में अपना व्यवसाय संचालित कर रहा है। राजमहल क्षेत्र, ईसीएल की कोयला खदानें गोड्डा जिले में चल रही हैं और ईसीएल को दुमका जिले में ब्राह्मणी-चिरचोरपटसीमा और अमरकोंडा मुर्गादंगल कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, जहां भविष्य में ईसीएल की कोयला खदानें चालू होंगी। ईसीएल ने इन क्षेत्रों में अपने परिचालन के आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए मोबाइल मेडिकल वैन सेवा, आईटीआई प्रशिक्षण, एटीडीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि जैसी विभिन्न विकासात्मक पहल की हैं। 'डिजिटल विद्या' ईसीएल के ऐसे प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है जो सरकारी और निजी स्कूलों के बीच डिजिटल विभाजन को कम करेगा। यह कार्यक्रम दुमका जिले के शिकारपाड़ा, काठीकुंड और गोपीकांदर ब्लॉक के साथ-साथ गोड्डा जिले के बोआरीजोर और महागामा ब्लॉक के स्कूलों को कवर करेगा। इस सीएसआर कार्यक्रम के एक वर्ष में पूरा होने की उम्मीद है।

**खराब सड़कें**

## गढ़शिका ग्राम पंचायत की छह सड़कें में लोगों का हुआ चलना मुहाल

# ग्राम पंचायत की सड़कें बदहाल, लोग परेशान

**खास बातें**

- सांतुड़ी से कड़ामारा तक 10 किमी सड़क जर्जर
- स्थानीय निवासी और अधिकारी सड़कों की मरम्मत की मांग कर रहे

संवाददाता। पुरुलिया



पुरुलिया : ब्लॉक की आदिवासियों की मानी जाने वाली गढ़शिका ग्राम पंचायत की छह महत्वपूर्ण सड़कें बदहाल हैं। इलाके के निवासी काफी परेशानी में हैं। मानसून के दौरान सड़कें अगम्य हो जाती हैं। आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। निवासी सड़कों की शीघ्र मरम्मत की मांग कर रहे हैं। अ स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गोढ़शिका ग्राम पंचायत के सांतुड़ी से कड़ामारा (बांकुड़ा जिले की सीमा) तक लगभग 10 किमी की पिच सड़क बहुत महत्वपूर्ण है। इस सड़क के माध्यम से सांतुड़ी, मनिहारा जोरहिया, छातना तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। फिलहाल पूरी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इसके अलावा गढ़शिका (पलाशपहाड़ी होते हुए) गोलबरिया तक 6 किमी की पिच सड़क भी खराब है। इस सड़क पर भी पिच उठ गई है और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसी तरह कुलाई हरि मंदिर से कराडांगा तक तीन किमी सड़क खराब है। यह गढ़शिका, कुलाई, बेरिया आदि गांवों से बांकुड़ा जाने वाली एकमात्र सड़क है। वहीं दूसरी ओर कुलाई आम से केशरदह तक तीन किमी ग्रामीण सड़क भी बदहाल है। नदंगा से बारासलोनी तक 3 किमी सड़क भी बदहाल है। इसके अलावा जीतरायडी से सीमाबड़ तक सड़क की स्थिति अच्छी नहीं है। हर सड़क बहुत महत्वपूर्ण है। रास्तागुनि पुरुलिया के सांतुड़ी, काशीपुर ब्लॉक, बांकुड़ा के सालतोड़ा, छातना ब्लॉक के निवासियों के लिए संचार के साधनों में से एक है। लेकिन महत्वपूर्ण सड़कें 10 साल से भी अधिक समय से खस्ताहाल हैं। क्षेत्र के निवासी शिक्षाकर्मी सुमंत्रा केवड़ा ने कहा, पहले, हर दिन सांतुड़ी कराडा सड़क मार्ग से विद्यालय जाता था। चूंकि सड़क खराब है, इसलिए मैं बचपन से घूमकर पांच किमी की यात्रा करता था)। गांव निवासी विकास हांडी, निखिल हांडी, लियामोय दास ने कहा कि पंचायत क्षेत्र की हर सड़क जर्जर हो गई है। प्रशासन के सभी स्तरों पर बार-बार सूचित किया गया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। वर्तमान में सड़कें अगम्य हैं। सांतुड़ी पंचायत समिति के शिक्षा अधिकारी निर्मल मांडी ने बताया कि इसके बारे में ब्लॉक एवं जिला प्रशासन को सूचित कर दिया गया है। प्रत्येक सड़क पर बहुत अधिक धन खर्च करने की आवश्यकता है। जिला परिषद के बिना सड़कों पर काम करना संभव नहीं है। सांतुड़ी ब्लॉक के बीडीओ पार्थ दास ने कहा कि सोसायटी के पास सड़क बनाने के लिए जरूरी धनराशि नहीं है। जिले को सड़कों के बारे में जानकारी दी जायेगी।

